# सेंट एंड्रयूज स्कॉटस स्कूल

**एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२६-२०२७**

| कक्षा:-तीन | विषय: हिंदी व्याकरण | पाठ :सर्वनाम |
|---|---|---|

**परिभाषा- जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, वे सर्वनाम कहलाते हैं ।**

**जैसे - मैं, तुझे ,जो, मेरा, उन्हें, हमारा, तुम्हारा, आपका आदि ।**

**उदाहरण :-**

**1)यह मेरी पेंसिल है।**

**2)हम विद्यालय जाते हैं**

**3)वे बारिश में भीग रहें हैं ।**

**4) कोई दरवाज़ा खटखटा रहा है।**

**5)मैं घर जा रहा हूँ ।**

**सर्वनाम**

**अभ्यास -1**

**निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द रेखांकित कीजिए ।**

**1)वह बहुत तेज दौड़ता है।**

2) हमें हमेशा सच बोलना चाहिए।

3) तुम्हारा घर कहाँ है ?

4) मैं खेलने जा रहा हूँ ।

5)तुम क्या कर रहे हो ?

6) ये फल ताज़े है।

7)मैं तीसरी कक्षा में पढ़ता हूँ ।

8) आप खाना खा लीजिए ।

## सर्वनाम अभ्यास 2

निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द द्‌वारा रिक्त स्थान भरिए।

1)--- माँ खाना बना रही है ।

2)----- शाम तक आ जाएँगे ।

3)____कहाँ जा रहे हो?

4)____ कुछ लोग खड़े हैं।

5)________ अपना -अपना काम कर रहे हैं।

6)राहुल ________ प्रिय मित्र है ।

7)------ एक अच्छा लड़का है।

8) पिकनिक पर __________ जाना चाहता है।